ILयूथ इंवेस्टमेंट प्रोग्राम

जोखिम का सामना कर रहे इलिनॉय के युवाओं को यूथ इंवेस्टमेंट प्रोग्राम में भाग लेने का अवसर प्रदान करके उनकी मदद करने के लिए IDHS प्रतिबद्धहै। इस प्रोग्राम की स्थापना विशेष रूप से युवा व्यक्तियों को उनकी दीर्घ-कालिक करियर रोजगार यात्रा में सशक्त बनाने और सहायता प्रदान करने के लिए की गई थी।

इस प्रोग्राम में भाग लेने हेतु फंड प्राप्त करने में रूचि रखने वाले प्रदाता यहाँ पर इस बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। **सबमिट करने की तारीख है सोमवार, 3 अगस्त, 2020.** 15 जुलाई, 2020 को 9:00 am पर एक तकनीकी सहायता वेबिनर भी होगा। वेबिनर के बारे में और उसमें रजिस्टर कैसे करना है इस बारे में अधिक जानकारी इस वेब पेज पर पाई जा सकती है।

SNAP आपातकालीन आवंटन पुरे जुलाई माह के लिए बढ़ाए जाते हैं!

SM SNAP Supplemental Nutrition Assistance Program

संघीय सरकार ने सभी पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम सप्लीमेंटल न्यूट्रीशन असिस्टेंस प्रोग्राम, (SNAP) SNAP) वाले परिवारों के लिए पूरे जुलाई माह में आपातकालीन आवंटन जारी रखे जाने का अनुमोदन कर दिया है। ये आवंटन यह सुनिश्चित करेंगे कि परिवारों को वैश्विक-महामारी के दौरान उनकी गृहस्थी के आकार के अनुसार अधिकतम SNAP निधियां मिलें। ग्राहक को इसके लिए कुछ नहीं करना है, और जुलाई 2020 के SNAP आपातकालीन आवंटन सक्रिय SNAP परिवारों के लिए 07/19/20 और 07/30/2020 के बीच उपलब्ध हो जाएंगे।

SNAP लाभों हेतु आवेदन के लिए, कृपया abe.illinois.gov पर आएं।

हाथ से न जाने दें – विद्यार्थियों के लिए भोजन लाभ

इस वर्ष के आरंभ में, IDHS ने पैंडेमिक एमरजेंसी बेनेफ़िट ट्रांसफ़र (P-EBT) कार्यक्रम, को प्रभाव में लाने के लिए संघीय अनुमोदन मांगा था और वह उसे मिल भी गया है; उक्त कार्यक्रम इलिनॉय के परिवारों को स्कूली आयु वाले उन बच्चों के लिए भोजन खरीदने में सहायता हेतु धन प्रदान करता है जिन्हें स्कूल खुले होने पर निःशुल्क या घटी-कीमत पर भोजन मिलता हैं। **हालांकि स्कूलों का इस वर्ष का सत्र समाप्त हो चुका है, पर परिवार अभी-भी 15 जुलाई तक P-EBT के लिए आवेदन कर सकते हैं।** पात्र परिवार प्रत्येक छूटे स्कूली दिन के लिए प्रति बच्चा $5.70 के अधिकारी हैं।

यदि आपकी गृहस्थी को वर्तमान में SNAP लाभ मिलते हैं और उसमें पात्र विद्यार्थी हैं, तो वे अपने-आप नामांकित कर दिए जाएंगे और किसी भी आवेदन की आवश्यकता नहीं है। IDHS इन गृहस्थियों के P-EBT लाभों को परिवारों के मौजूदा LINK कार्डों में जोड़ देता है।

यदि आपकी गृहस्थी को वर्तमान में SNAP लाभ नहीं मिलते हैं, पर उसमें ऐसे विद्यार्थी हैं जो निःशुल्क या घटी-कीमत के भोजन के लिए अर्ह हो सकते हैं, तो आप 15 जुलाई तक P-EBT लाभों के लिए आवेदन कर सकते हैं। गृहस्थियों को वापस उस बिंदु (समय) तक के P-EBT लाभ मिल सकते हैं जब उनके विद्यार्थी P-EBT के लिए पात्र हुए थे। और जानने या संक्षिप्त फ़ॉर्म के साथ आवेदन करने के लिए कृपया abe.illinois.gov पर आएं।

IDHS सोशल मीडिया

IDHS के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर इसे फॉलो करने के लिए हम आपको आमंत्रित करते हैं। सभी प्लेटफार्म IDHS से जुड़ने और उसके बारे में नवीनतम जानकारी पाने का शानदार तरीका है। IDHS के लिए यह लिंक्स हैं ट्विटर, फेसबुक, यूट्यूब, और लिंक्डइन अकाउन्ट्स।

इक्विटी-आधारित कम्युनिटी एवं व्यवसायिक अनुदान

पिछले सप्ताह, राज्यपाल जेबी प्रिट्ज़कर (गवर्नर JB Pritzker) ने वैश्विक-महामारी और हालिया नागरिक अशांति से प्रभावित हुए समुदायों और व्यवसायों के सहयोग के लिए $900 मिलियन के राज्य अनुदान कार्यक्रमों का पैकेज घोषित किया था, जिसमें छोटे व्यवसायों, कामकाजी परिवारों, और इलिनॉय के अश्वेत समुदायों की बहुत सी अविलंब आवश्यकताओं के सहयोग के लिए इलिनॉय मानव सेवाएं विभाग (इलिनॉय डिपार्टमेंट ऑफ़ ह्यूमन सर्विसेज़, IDHS) के लिए $32.5 मिलियन शामिल हैं। इन निधियों का उपयोग इस अनिश्चित समय के दौरान बेरोज़गार वयस्कों को रोज़गार दिलवाने, युवा सेवाएं प्रदान करने, भोजन बैंकों को अतिरिक्त वित्त पोषण देने, मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने, आरोग्यकारी एवं बहाली न्याय में सहायता प्रदान करने, और ज़रूरतमंद परिवारों को अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा प्रदान करने की रणनीतियों में किया जाएगा। जो IDHS प्रदाता इन क्षेत्रों में कार्य करते हैं वे हमारे संभागों से अतिरिक्त, विस्तृत जानकारी मिलने की अपेक्षा कर सकते हैं, और हम हमारे परिश्रमी प्रदाता नेटवर्क को पहले से कहीं अधिक आवश्यकताओं के इस समय के दौरान उनके लचीलेपन के लिए धन्यवाद देते हैं।

आप पूरी घोषणा राज्यपाल की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

विकासात्मक अशक्तता इकाइयों में मुलाकातें

पिछले सप्ताह इलिनॉय जनस्वास्थ्य विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ़ पब्लिक हेल्थ) ने नया मार्ग दर्शन जारी किया था, जिसमें दीर्घकालिक देखभाल इकाइयों में बाहर खुले में मुलाकातों की अनुमति दे दी गई है; इसमें विशाल एक त्रणस्थान और उन व्यक्तियों के लिए राज्य-संचालित इकाइयां शामिल हैं जो विकासात्मक अशक्तताओं से ग्रस्त व्यक्तियों को सेवाएं दे रहे हैं।

मुलाकातें केवल बाहर खुले स्थानों तक सीमित रहनी चाहिए। आगंतुकों के लिए अग्रिम में इकाई से मुलाकात का समय लेना, आगंतुक के आगमन से पहले CDC की लक्षण जांच सूची के अनुसार स्क्रीनिंग करवाना, और फ़ेसकवर पहनना आवश्यक है।

SNAP ऑनलाइन खरीदारी

IDHS को लगभग दस लाख गृहस्थियों में SNAP के 19 लाख से भी अधिक ग्राहकों के लिए अब किराने की ऑनलाइन खरीद की पेशकश करते हुए भी गर्व हो रहा है।

एमेज़ॉन (Amazon) और वॉलमार्ट (Walmart) इस कार्यक्रम के आरंभ होने के साथ इलिनॉय में ऑनलाइन SNAP प्रदान करने वाले सबसे शुरुआती फुटकर विक्रेता हैं। IDHS अन्य किराना फुटकर विक्रेताओं को भी प्रोत्साहित कर रहा है कि वे संपूर्ण इलिनॉय के समुदायों में इस कार्यक्रम की पहुंच चारों दिशाओं में बढ़ाएं।

EBT ऑनलाइन में ज्वॉइन होने वाले अतिरिक्त ग्रॉसरी रिटेलरों का स्वागत है। प्रोग्राम में दिलचस्पी रखने वाले कोई भी रिटेलर http://www.fns.usda.gov/snap/online-purchasing-pilot पर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और आवेदन कर सकते हैं।

रिकवरी सहायता

रिकवरी के साथ संघर्ष कर रहे लोगों के लिए, कोविड-19 चुनौतियों का एक अतिरिक्त स्तर प्रदान करता है - रिकवरी के लिए कनेक्शन की आवश्यकता होती है। प्रतिक्रियास्वरूप, IDHS ने व्यापक डिजिटल रिकवरी सपोर्ट रिसोर्सेज हासिल किया है, ताकि लोग ऐसे सपोर्ट नेटवर्क के साथ वर्चुअल रूप से जुड़ सकें जो उनके कल्याण और रिकवरी प्रयासों के लिए महत्वपूर्ण हैं। ऑनलाइन मीटिंग्स, कॉल्स, चैटरूम – ये रिकवरी में रह रहे लोगों के लिए काम करते हैं। आप dhs.illinois.gov/helpishere पर जा कर और "recovery" विकल्प चुन कर या **1-833-2-FIND-HELP** पर कॉल करके इन सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं।

IDHS आभासी नौकरी मेले

इलिनॉय मानव सेवाएं विभाग (इलिनॉय डिपार्टमेंट ऑफ़ ह्यूमन सर्विसेज़, IDHS) भर्तियां कर रहा है! एजेंसी में रोज़गार के बारे में और जानने के लिए उनके किसी वर्चुअल जॉब फेयर या भर्ती आयोजनों में जाएं। रोजगार के सभी कार्यक्रमों की सूची इस साइट पर पाई जा सकती है।